## दुकान पर कब्जे को लेकर विवाद

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहर के जवाहर नगर क्षेत्र में एक दुकान पर कथित रूप से जबरन कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार धापुबाई पति स्वर्गीय भैरूलाल माली (59) निवासी जवाहर नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी जवाहर नगर स्थित दुकान पर सुमन पति राहुल जैन द्वारा कथित रूप से अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। फरियादिया का आरोप है कि 1 जून 2026 को दोपहर करीब 12.30 बजे आरोपी पक्ष ने उनकी दुकान पर जबरन कब्जा कर लिया। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुमन जैन निवासी टाटा नगर, रतलाम के प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अशोक दीक्षित द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि कब्जे से जुड़े दस्तावेजों और अन्य तथ्यों की जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सब्जी काटने वाले चाकू से हमला

रतलाम। जिले के बड़ावदा थाना क्षेत्र के ग्राम हाटपिपलिया में घरेलू विवाद के दौरान चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हाटपिपलिया निवासी मांगीलाल पिता शिवलाल पोरवाल (43) ने शिकायत दर्ज कराई कि 3 जून को उसके घर के सामने विवाद के दौरान उसकी पत्नी मंजूबाई ने उसके साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर मंजूबाई ने सब्जी काटने वाले चाकू से उस पर हमला कर दिया। घटना में मांगीलाल को चोटें आईं, जिसके बाद उसने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी मंजूबाई पति मांगीलाल पोरवाल निवासी हाटपिपलिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## भाजपा नफरत की राजनीति करती है : जीतू पटवारी

- कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी बोले - सीएम की गालियां मेरे लिए फूल समान
- नामली में आयोजित हुआ प्रशिक्षण वर्ग



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उन्हें 'टपोरी' कहे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को नामली में आयोजित कांग्रेस के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने पहुंचे पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की गालियां उनके लिए फूलों के समान हैं और कांग्रेस ऐसे बयानों से विचलित होने वाली नहीं है।

मीडिया से चर्चा में पटवारी ने कहा कि कांग्रेस प्रेम, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति करती है, जबकि भाजपा समाज में नफरत फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोज एक घंटे का प्रशिक्षण वर्ग लगाएं और अपने कार्यकर्ताओं को इसी तरह की भाषा की ट्रेनिंग देते रहें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू बन चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेताओं की रग-रग में भ्रष्टाचार समाया हुआ है। पटवारी ने यह भी कहा कि रतलाम में भाजपा के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता तक अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना देने को मजबूर हैं।

### कांग्रेस की सरकार बनने का दावा

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों की लड़ाई लड़ती रहेगी और किसी दबाव में पीछे नहीं हटेगी। संगठन को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों की जवाबदेही तय की जा रही है। इस दौरान पटवारी ने वर्ष 2028 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में वापसी करेगी। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के देश का प्रधानमंत्री बनने का भी भरोसा जताया।

### एक नजर में

#### 25 वें स्थापना दिवस पर जय भारत वंदे मातरम् काव्य महोत्सव का आयोजन

**रतलाम।** नगर की अग्रणी संस्था महक कला साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के संस्थापक /अध्यक्ष मोडीराम सोलंकी 'एकांत' ने बताया कि संस्था का 25 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 11 जून 2026 को सायं 5 बजे एक राष्ट्रीय कार्यक्रम जय भारत वंदे मातरम् काव्य महोत्सव का आयोजन पुराने कलेक्टोरेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर रतलाम में आयोजित किया जा रहा है । जिसमें नगर के साहित्यकार, गीतकार, व्यंग्यकार, हास्य कवि, दोहा, गज़लकार, शायर, कवि, कवित्रियां तथा नवोदित रचनाकारों द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभुलाल रावल की पुस्तक कविता संग्रह सहज, सजृन का भी विमोचन किया जावेगा। जिसके मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार आलोक रंजन त्रिपाठी इंदौर एवं भुपेन्द्रसिंह राठौड पूर्व डीएसपी की अध्यक्षता एवं विशेष अतिथि हरिशंकर भटनागर रहेंगे। संस्था के हरिश यादव, शैलेन्द्र सुरेका, राजेश तिवारी, डॉ.मोहन परमार, श्यामसुदंर भाटी, दिनेश जैन, कैलाश वशिष्ठ, डॉ.हरिशंकर बड़ौदिया, विनोद झालानी, श्रीमती इन्दु सिन्हा, स्नेहलता धाकड़, विरेन्द्र कुमार रावल, अशोक मेहता, उदयकुंवर पंवार, प्रवीण सोनी, गोपाल परमार, पवन शर्मा, सुरेश माथुर, पुरण चोथयानी, सतीश जोशी आदि नेप्रबुद्ध नागरिकों एवं काव्य रसिक से आग्रह किया है कि आयोजन में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनावें । अधिक जानकारी हेतु मोडीराम सोलंकी मो. 6264445879 से सम्पर्क कर सकते है।

#### शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ

**रतलाम।** प्राचार्य शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रतलाम ने बताया कि संस्था के प्रवेश सत्र 2026 के लिए पंजीयन 26 मई से प्रारंभ हो चुके हैं। प्रवेश के इच्छुक प्रशिक्षणार्थी ऑनलाइन पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। प्रशिक्षणार्थी रजिस्ट्रेशन कराने के पश्चात 30 जून 2026 तक चॉइस फिलिंग कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

#### बिजली कंपनी की मनमानी : भारी-भरकम बिल देखकर उड़े आमजन के होश, सुधार की मांग

**जावरा।** विद्युत मंडल द्वारा इस माह जारी किए गए बिजली के बिलों को देखकर आम जनता के होश उड़ गए हैं। अत्यधिक राशि के आए इन बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है। नगर के आशीष सकलेचा ने मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए बताया कि मंडल ने इस बार उपभोक्ताओं को भारी-भरकम बिल थमाकर सबको हतप्रभ कर दिया है। उन्होंने कहा गर्मी के मौसम के कारण अमूमन मई के महीने में बिजली की खपत बढ़ती है और बिल थोड़ा ज्यादा आता है, यह बात समझ में आती है। परंतु इस बार तो विद्युत मंडल ने सारी हदें ही पार कर दी हैं। सकलेचा ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि जिन सामान्य और मध्यमवर्गीय परिवारों के बिजली बिल हर महीने 100 से 200 रुपये के बीच आते थे, इस बार उनके बिल सीधे 1000 से 1200 रुपये तक आए हैं। बिना किसी अतिरिक्त लोड या खपत के बिलों में आया यह उछाल किसी तकनीकी खामी की ओर इशारा करता है। आमजन की परेशानी को देखते हुए आशीष सकलेचा ने विद्युत मंडल के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि बिल जमा करने की अंतिम तारीख से पहले इस तकनीकी गड़बड़ी की जांच की जाए। त्रुटिपूर्ण बिलों को तुरंत संशोधित किया जाए। लॉकडाउन जैसी स्थिति या आर्थिक तंगी से जूझ रहे आमजन को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जाए।



## अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस : मेरा युवा भारत ने साइकिल रैली का आयोजन किया

**रतलाम।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत रतलाम द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

युवाअधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि फिट इंडिया मूल मंत्र के साथ शुरू हुई इस रैली का उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़ने के साथ-साथ उनमें राष्ट्रीय चेतना जागृत करना था, साइकिल रैली नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई नेहरू स्टेडियम में समाप्त हुई। रैली में ब्लॉक युवा समन्वयक दुर्गाशंकर मोयल, हॉकी फीडर सेंटर कोच कृष्ण गोपाल तिवारी एवं फीडर सेंटर के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## पर्यावरण बचाने के लिए रतलाम होगा एकजुट, 15 संस्थाएं मंच पर देंगी संदेश

- हनुमान ताल पर विश्व पर्यावरण दिवस का भव्य आयोजन आज

**रतलाम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को हनुमान ताल पर एक अनूठा और सामूहिक आयोजन होने जा रहा है। आनंद विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की 15 सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं एक मंच पर आकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगी। शाम 5 से 7 बजे तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत नीले रंग की थीम पर आधारित रहेगा। आयोजन का उद्देश्य जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और जनजागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ, जल परिक्रमा, पौधा एवं बीज वितरण, प्लॉग वॉक तथा पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 50 पर्यावरण मित्रों को 'वसुंधरा रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में हार्टफुलनेस, ब्रह्मकुमारी संस्था, गायत्री परिवार, महिला पतंजलि, मारवाड़ी महिला मंडल, नमो ग्रुप फाउंडेशन सहित 15 संस्थाएं भाग लेंगी। आनंद विभाग की जिला समन्वयक सीमा अग्निहोत्री ने बताया यह आयोजन सामूहिक सहभागिता और जनजागरण का प्रतीक बनेगा। उन्होंने पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की है।

### मानस भवन बगीचे में होगा पौधारोपण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा 05 जून शुक्रवार को प्रात: 9.30 बजे मानस भवन बगीचे में पौधारोपण एवं पर्यावरण जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया जाएगा तथा पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। नगर निगम ने समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधियों, पर्यावरणविदों, गणमान्य नागरिकों तथा सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## 20 वर्षीय युवती की इलाज के दौरान मौत

**रतलाम।** शहर के स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जया पिता शंकरलाल मालवीय (20) निवासी सदर क्षेत्र की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतका के पिता शंकरलाल मालवीय निवासी राजीव नगर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर स्टेशन रोड थाना पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवती की मौत अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण हुई है। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पर्यावरण को नष्ट कर हम परमात्मा को प्रसन्न नहीं कर सकते : चिदम्बरानन्दजी

- श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव में श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम रहेगी



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वतीजी महाराज ने कहा है हमारा धर्म धरती से जुड़ा है । प्रकृति से ही धर्म पोषित होता है । पृथ्वी, जल, वायु, तेज और अग्नि के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है । पर्यावरण को नष्ट करके हम परमात्मा को प्रसन्न नहीं कर सकते । यदि हम प्रकृति से जुड़े रहे तो वह हमें परमात्मा से जोड़ देगी । विश्व पर्यावरण दिवस पर हम प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सजग रहने का संकल्प लेवे ।

श्री हरिहर सेवा समिति मोहनलाल भट्ट परिवार एवं श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्र्स्ट द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर दयाल वाटिका सैलाना रोड पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन स्वामीजी ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया । आरम्भ में आयोजक परिवार के मोहनलाल भट्ट, महेंद्र भट्ट, सुनील भट्ट आदि ने पोथी पूजन किया । भक्त ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बाल्यकाल से ही अपने बालकों को भक्ति के संस्कार देने का आव्हान किया । शुक्रवार को कथा महोत्सव में धूमधाम से श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा ।

उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म ही है जो प्रकृति को ईश्वर का स्वरूप देखकर उसकी पूजा के माध्यम से उसके संरक्षण और संवर्धन का संदेश देता है । हमने गंगा और गाय में माता के दर्शन किये है तो पीपल और वट आदि वृक्षों को पवित्र मानकर पूजन किया है ।

भगवान श्रीकृष्ण ने तो पीपल के वृक्ष को विभूति कहा है । तुलसी का हम पूजन और परिक्रमा करते है ।

यह अद्वितीय अवधारणा केवल हमारे सनातन धर्म और शास्त्रों में ही मिलती है । जिसका हमें गौरव है । न केवल प्रकृति बल्कि समस्त जीव को परमात्मा रूप देखा गया है । तुलसीदास जी ने लिखा है सियाराममय सब जग जानी ।

**भगवान को अवतार लेने में देरी नहीं** - पूज्य स्वामीजी ने श्रीमद् भागवत कथा में वर्णित 24 अवतारों के प्रसंग के सन्दर्भ में कहा कि धर्म की आढ़ लेकर धर्म को नुकसान पहुँचाने वाले अधर्मियों से धर्म की रक्षा के लिए ही भगवान समय समय पर विभिन्न अवतार लेते है । अपने स्वार्थ के लिए लोगो की आस्था को तोड़ने वालों और धर्म का तमाशा बनाने वालों को सबक सिखाने के लिए भगवान कभी भी किसी भी रूप में प्रकट हो जाते है । हमारे भगवान द्रोपती की रक्षा के लिए वस्त्र अवतार ले सकते है तो उन्हें मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह और वामन अवतार लेने में कोई भी देरी नहीं होती है । धर्म की संस्थापना और साधु पुरुषों की रक्षा के लिए भगवान अवतार लेकर समाज को असत्य, अन्याय और अत्याचार से सुरक्षित करते है ।

### हुई भक्तिरस की वर्षा

इस अवसर पर आरडीए उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी ने स्वामीजी के दर्शन कर आरती में भाग लिया । उनका आयोजन समिति की ओर से अभिनन्दन किया गया । यंहा तुलसी परिवार, अजित सिंह चुण्डावत, अनिल झालानी, सुरेश गोरेचा, वी.डी.शुक्ला, विशाल राव, प्रशांत व्यास, अखिलेश गुप्ता, सुनील पोरवाल भगत, अविनाश पोरवाल आदि ने स्वागत - वन्दन किया । संचालक सुनील भट्ट ने 'बड़ी देर भयी नंदलाला' भजन गाकर सभी को भक्तिरस से सराबोर कर दिया ।

## रतलाम मंडल ने माल लदान में रचा नया कीर्तिमान, 16 .56 प्रतिशत वृद्धि के साथ अग्रणी

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल यात्री सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ माल परिवहन के क्षेत्र में भी लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रारंभिक दो महीनों में मंडल ने माल लदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय रेल के प्रमुख मंडलों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मंडल के सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, परिचालन उत्कृष्टता तथा ग्राहक सेवा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण रतलाम मंडल माल परिवहन के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है।

मई 2026 के दौरान रतलाम मंडल द्वारा कुल 1.91 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 18.29 प्रतिशत अधिक है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम दो माह, अप्रैल एवं मई 2026 में मंडल द्वारा कुल 3.51 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16.56 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जन संपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय रेल के उन मंडलों में, जहाँ वार्षिक माल लदान एक मिलियन टन अथवा उससे अधिक है, रतलाम मंडल ने 16.56 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज कर देश के सर्वाधिक तेजी से प्रगति करने वाले मंडलों में अपना स्थान बनाया है। यह उपलब्धि मंडल की सुव्यवस्थित कार्ययोजना, परिचालन दक्षता तथा ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण का परिणाम है। माल लदान में हुई इस उल्लेखनीय वृद्धि में विभिन्न वस्तुओं की लोडिंग में दर्ज वृद्धि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पेट्रोलियम, ऑयल एवं लुब्रिकेंट की लोडिंग में 238.68 प्रतिशत तथा खाद्यान्न लोडिंग में 105.81 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

## खेत तक जाने वाले रास्ते पर मुरम डालने से रोकने का आरोप

- 6 किसानों ने तहसीलदार को सौंपा आवेदन, कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**जावरा।** ग्राम मीनाखेड़ा के 6 काश्तकारों ने खेत तक जाने वाले परम्परागत कच्चे रास्ते पर मुरम डालकर सुगम बनाने के कार्य को रोकने व विवाद करने के खिलाफ तहसीलदार जावरा को आवेदन सौंपा है। किसानों ने तत्काल मौके का निरीक्षण कर कार्य शुरू कराने व विवाद करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी रघुवीरसिंह, मागुशाह, गोपाल, राजू, इब्राहीम व अमृतराम ग्राम मीनाखेड़ा तहसील जावरा के निवासी हैं। आवेदन में बताया कि मीनाखेड़ा से खेतों तक जाने वाला गाड़ी-गडार व ट्रैक्टर का परम्परागत कच्चा मार्ग बरसात में जलभराव व कीचड़ के कारण बंद हो जाता है। इससे खेती में परेशानी व दुर्घटना की संभावना रहती है। किसानों ने जनसहयोग से उक्त रास्ते में मुरम डालकर सुगम बनाने की योजना बनाई। आरोप है कि प्रतिप्रार्थी ईस्माईलशाह पिता याकुबशाह, जिनका खेत भी इसी रास्ते से लगा है, पहले सहमत हुआ लेकिन जब प्रार्थीगण मुरम ट्रैक्टर भरकर मौके पर ले गए तो उसने इंकार कर दिया और विवाद करने लगा। आवेदन में कहा गया कि यह शासकीय रास्ता है और पूर्व से मौजूद है। इस पर मुरम डालने का प्रतिप्रार्थी को आपत्ति करने का अधिकार नहीं है। रास्ता सुगम नहीं बना तो बरसात में खेती नहीं हो पाएगी व आर्थिक हानि होगी।

**विवाद बढ़ने की आशंका है-** किसानों ने मांग की कि तत्काल मौके का निरीक्षण कर मुरम डालकर रास्ता सुगम बनाने का कार्य चालू कराया जाए तथा विवाद की स्थिति में प्रतिप्रार्थी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। आवेदन की प्रतिलिपि थाना प्रभारी हुसैन टेकरी जावरा को भी दी गई है।

### एक नजर में

सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली थी क्रेटा कार, लॉक तोड़कर तलाशी लेने पर हुआ खुलासा

## क्रेश हुई क्रेटा से खुला तस्करी का राज, पुलिस ने जब्त किया अवैध डोडाचूरा



नवभारत न्यूज

**ढोढर/जावरा ।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के सौदागरों के खिलाफ जारी विशेष अभियान में माननखेड़ा चौकी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त क्रेटा कार से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जप्त किया है। जप्त मादक पदार्थ और वाहन की कुल कीमत करीब 17.40 लाख आंकी गई है। यह पूरी कार्रवाई जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार के सख्त निर्देशों पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में अंजाम दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक राहगीर के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि ताऊ के ढाबे के पास एक सफेद रंग की क्रेटा कार (क्रमांक जीजे-08-एफए-3766) दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में लावारिस खड़ी है। सूचना मिलते ही माननखेड़ा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश मालवीय तुरंत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कार पूरी तरह से लॉक थी और उसके शीशों पर अंदर की तरफ काली जाली लगी हुई थी।

प्रथम दृष्टया वाहन संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने मौके पर स्वतंत्र गवाहों (पंचों) को बुलाया और कार का लॉक तोड़ा। जब गाड़ी की सघन तलाशी ली गई, तो पुलिस के भी होश उड़ गए। कार के अंदर चार प्लास्टिक के बोरों में ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ।

**इनकी भूमिका रही सराहनीय:** तस्करी के इस बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करने में रिंगनोद थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह आजाद, चौकी प्रभारी माननखेड़ा उपनिरीक्षक राजेश मालवीय, प्रधान आरक्षक हर्षवर्धन सिंह जगावत, आरक्षक घनश्याम कुमावत, आरक्षक संतोष कुमार, आरक्षक अनिल डांगी सहित सैनिक सुरेश उपाध्याय, जालमसिंह और शांतिलाल बामनिया की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

### केस दर्ज, कार मालिक और तस्करों की तलाश तेज

इस मामले में थाना रिंगनोद में क्रेटा कार के अज्ञात चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 219/2026 के तहत धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आरटीओ कार्यालय के माध्यम से कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके असली मालिक का पता लगा रही है। इसके साथ ही, दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए चालक और इस मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी तेज कर दी गई है।